आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–19 मई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- रक्षा मंत्रालय ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत के रक्षा सिद्धांत में महत्वपूर्ण मोड़ बताया, कहा– ऑपरेशन में तीनों सेनाओं के बीच तालमेल, रणनीतिक गहराई और तकनीकी प्रभुत्व का हुआ प्रदर्शन।
- उत्तर प्रदेश एटीएस ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम कर रहे रामपुर जिले के रहने वाले एक जासूस को मुरादाबाद जिले से किया गिरफ्तार।
- भीषण गर्मी को देखते हुए प्रदेश के उर्जा मंत्री एके शर्मा ने बेवजह बिजली कटौती रोकने का दिया निर्देश, कहा–हर हाल में जारी रहे निर्बाध विद्युत आपूर्ति।?
- कड़ी सुरक्षा के बीच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में सनराइजर्ज हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच आज होगा मुकाबला।

**********

रक्षा मंत्रालय ने कल कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत के रक्षा सिद्धांत में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ– जिसमें तीनों सेनाओं के बीच तालमेल, रणनीतिक गहराई और तकनीकी प्रभुत्व का प्रदर्शन किया गया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर ने सटीकता, व्यावसायिकता और उद्देश्य के साथ तीनों सेनाओं की संतुलित प्रतिक्रिया को प्रदर्शित किया। एक रिपोर्ट–

**मंत्रालय ने कहा कि भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान में नूर खान एयर बेस और रहीमयार खान एयर बेस जैसे ठिकानों पर प्रभावकारी हवाई अभियान चलाए। स्वदेशी रूप से विकसित आकाश सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली और पिकोरा और ओएसए–एके जैसे विरासित प्लेटफॉर्म को एक स्तरित रक्षा ग्रिड में प्रभावी ढंग से तैनात किया गया था। सेना की वायु रक्षा इकाइयों ने वायुसेना के साथ मिलकर काम किया, जिसमें कंधे से दागे जाने वाले मैनपैड्स और एलएलएडी गन से लेकर लंबी दूरी की सैम तक की कई तरह की प्रणालियाँ तैनात की गईं। नौसेना ने मिग–29के लड़ाकू विमानों और हवाई प्रारंभिक चेतावनी हेलीकॉप्टरों से लैस अपने कैरियर बैटल ग्रुप को तैनात किया। इसने समुद्री क्षेत्र में खतरों की निरंतर निगरानी और वास्तविक समय पर पहचान सुनिश्चित की। सुपर्णा की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से आकर्षिता सिंह।**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कल गुजरात के अहमदाबाद में एक कार्यक्रम में कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लडाई में ऑपरेशन सिंदूर ऐतिहासिक उपलब्धि सिद्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राजनीतिक इच्छा शक्ति, भारतीय सशस्त्र सेनाओं के साहस और भारतीय खुफिया एजेंसियों की प्रामाणिक जानकारी का प्रमाण है।

इसने न केवल भारत की रक्षा प्रणाली की ताकत प्रदर्शित की है, बल्कि आतंकवाद के लिए सुरक्षित पनाहगाह के रूप में पाकिस्तान का पर्दाफाश भी किया है। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष–आईएमएफ ने अपने सहायता कार्यक्रम की अगली किस्त जारी करने के लिए पाकिस्तान पर ग्यारह नई शर्तें लगाई हैं। एक रिपोर्ट–

**एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान पर लगाई गई नई शर्तों में 17 ट्रिलियन और 60 बिलियन रुपये के नए बजट को संसद की मंजूरी, बिजली बिलों पर ऋण सेवा अधिभार में वृद्धि और तीन साल से अधिक पुरानी कारों के आयात पर प्रतिबंध हटाना शामिल है। आईएमएफ द्वारा जारी की गई स्टाफ लेवल रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव, यदि जारी रहे या और बिगड़े, तो कार्यक्रम के राजकोषीय, बाहरी और सुधार लक्ष्यों के लिए जोखिम बढ़ सकते हैं। समाचार कक्ष से वैष्णवी।**

**********

आतंकवाद के विरूद्ध सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद, पूरा देश सैन्य जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। आकाशवाणी समाचार भी सशस्त्र बलों के सम्मान–स्वरूप एक विशेष श्रंखला प्रस्तुत कर रहा है। इसी क्रम में प्रस्तुत है परमवीर–चक्र विजेता ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव की शौर्य गाथा।

**बुलंदशहर जिले के निवासी ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव सबसे कम उम्र के व्यक्ति हैं जिन्हें पाकिस्तान के खिलाफ कारगिल युद्ध के दौरान उनकी भूमिका के लिए सर्वोच्च युद्ध कालीन वीरता पदक परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया है। ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव 3 और 4 जुलाई 1999 की रात को टाइगर हिल पर कब्जा करने के लिए घातक प्लाटून की अग्रणी टीम का हिस्सा थे। शीर्ष पर पहुंचने का रास्ता चट्टानी और बर्फ से ढका था। जोखिम की परवाह किए बिना उन्होंने स्वेच्छा से अपनी टीम का नेतृत्व किया। आधे रास्ते में एक दुश्मन बंकर ने उन्हें देख लिया और मशीन गन और रॉकेट से हमला कर दिया जिससे कमांडर और उनके दो साथी शहीद हो गए और प्लाटून रुक गई। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव दुश्मन के ठिकाने तक रेंगते हुए पहुंचे और इस प्रक्रिया में कई बार घायल भी हुए। अपनी चोटों और दुश्मन की गोलियों की बौछार के बावजूद भी दुश्मन के ठिकानों की ओर चढ़ते रहे और ग्रेनेड फेंकते हुए अपने हथियार से लगातार फायरिंग करते हुए उन्होंने चार दुश्मन सैनिकों को मार गिराया। उनके वीरतापूर्ण कार्य से प्रेरित होकर प्लाटून ने नए जोश के**

**साथ अन्य ठिकानों पर हमला किया और टाइगर हिल टॉप पर कब्जा कर लिया। 2021 में 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर योगेंद्र सिंह यादव को राष्ट्रपति द्वारा मानद कैप्टन की उपाधि से सम्मानित किया गया। राष्ट्र उन्हें सलाम करता है। अनुपम मिश्रा, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

सूबेदार मेजर और मानद कैप्टन योगेन्द्र सिंह यादव ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिजनों को न्याय दिलाने का एक निर्णायक कार्य था।

**********

उत्तर प्रदेश एटीएस ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में एक एजेंट को मुरादाबाद जिले से गिरफ्तार किया है।

**रामपुर का रहने वाला एजेंट लंबे समय से पाकिस्तान के संपर्क में था और तस्करी की आड़ में देश की सुरक्षा से संबंधित गुप्त जानकारियां दुश्मन देश को पहुंचा रहा था, फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। यूपी एटीएस से जुड़े सूत्रों के अनुसार यह एजेंट कई बार पाकिस्तान की यात्रा कर चुका है। उसका मकसद तस्करी के सामान की डिलीवरी के साथ–साथ आईएसआई एजेंटों से मुलाकात कर उनसे निर्देश प्राप्त करना था। वह भारत में रहने वाले आईएसआई के एजेंटों को पैसे और मोबाइल सिम भी उपलब्ध कराता था। जांच में यह भी सामने आया है कि उसने भारत की सैन्य और सुरक्षा से जुड़ी गोपनीय जानकारियां साझा की हैं। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।**

**********

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सशस्त्र बलों के साहस और बलिदान का सम्मान करने के लिए प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में तिरंगा यात्राएं आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में कल लखनऊ के कैंट विधानसभा क्षेत्र में आयोजित तिरंगा यात्रा की अगुवाई प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने किया। देवरिया जिले में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान, प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और वहां के सांसद शशांक मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। वहीं, वाराणसी जिले में प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रविंद्र जायसवाल की अगुवाई में यात्रा निकाली गई। अमरोहा और चंदौली समेत प्रदेश के कई अन्य जिलों में आयोजित यात्राओं में भी लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

**********

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने गर्मी को देखते हुए उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति का निर्देश दिया है। कल लखनऊ में एक विद्युत उपकेंद्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उपभोक्ताओं को बेवजह बिजली कटौती, लो–वोल्टेज और ट्रिपिंग का सामना न करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। श्री शर्मा ने कहा कि हर हाल में विद्युत आपूर्ति जारी रखी जाये ताकि लोगों को परेशानी न हो।

**********

आईपीएल–दो हजार पचीस में लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच आज लखनऊ के इकाना स्टेडियम में मुकाबला होगा। मैच को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि मैच शुरू होने के तीन घंटे पहले स्टेडियम की आसपास की सड़कों पर यातायात प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। प्रस्तुत है आज के मुकाबले को लेकर हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

**लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए प्लेऑफ में पहुंचने की राह अब बेहद मुश्किल हो गई है। टीम को लखनऊ में सन राइजर्स हैदराबाद से मैच जीतने के अलावा अपने बाकी सभी मैच जीतने होंगे और अन्य टीमों के परिणामों पर भी निर्भर रहना होगा। एलएसजी को अपने नेट रन रेट को भी काफी सुधारना होगा, तभी उनकी प्लेऑफ में पहुंचने की कोई संभावना बन पाएगी। टीम वर्तमान में अंक तालिका में 10 अंक लेकर सातवें स्थान पर हैं। मुमताज अली आकाशवाणी समाचार**

**********

प्रदेश के प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कल वाराणसी और चंदौली जिलों में अलग अलग चिकित्सा इकाइयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की आवश्यकता के अनुसार बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने का निर्देश दिया।

**********